## कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,देहरादून।

पत्रांक 954/विकास कार्य/नि0सू0/2023–24 दिनांक 21/12/2023

### ई–निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 04 स्थलो पर 04 नग आउटडोर एल0ई0डी0 वीडियो वॉल (वीडियो मेनेजमेन्ट सिस्टम) स्थापित करने के कार्य हेतु इस प्रकार के कार्य में दक्ष फर्मो से तथा, जो आयकर,व्यापार कर/जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो, से उक्त कार्य हेतु ई–निविदा टू–बिड सिस्टम के आधार पर (तकनीकी एव वित्तीय दिनांक–10.01.2024 को अपरान्हः 02:00 बजे तक **uktenders.gov.in**की वैबसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है।

विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वैबसाईट **mddaonline.in** में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त वैबसाईट के माध्यम से दी जायेगी। निविदा तिथि पर अवकाश होने की दशा में निविदा की अगले दिन की तिथि मान्य होगी।

अधिशासी अभियन्ता
म0दे0वि0प्रा0,देहरादून।

# कार्यालयः मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।

पत्रांक 954/विकास कार्य/नि0सू0/2023–24 दिनांक 21/12/23

ई–निविदा सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 04 स्थलों पर 04 नग आउटडोर एल0ई0डी0 विडियो वॉल (वीडियो मेनेजमेन्ट सिस्टम) के कार्य हेतु इस तरह के कार्य करने वाली दक्ष फर्मो/ठेकेदारो से एक कार्य हेतु टू–बिड सिस्टम के आधार (तकनीकी एंव वित्तीय) बिड ई–निविदा दिनांक 10/01/2024 को अपरान्हः 02:00 बजे तक **uktenders.gov.in** की बेवसाईट में प्रतिभाग/अपलोड कर सकते है। प्राप्त ई/निविदाओं को निविदा समिति/अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 11/01/2024 को सांय 02:00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। उक्त अंकित कार्य हेतु मूल निर्माता अथवा इस तरह के कार्यो में दक्ष फर्मो/ठेकेदारो से ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्य हेतु निम्नानुसार निर्धारित राशि की निविदा मूल्य का जी0एस0टी0 सहित की धनराशि का पे–आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में हो, तथा अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के नाम बन्धक हो, को उक्त बेवसाईट मे उक्त समय तक निविदा प्रस्ताव के साथ स्केन कर अपलोड करना होगा तथा मूल प्रति उक्त तिथि दिनांक 11/01/2024 को अपरान्हः 02:00 बजे प्राधिकरण के सम्बन्धित अनुभाग में जमा करनी होगी। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। अन्य शर्ते जी0पी0डब्लू0–9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेंन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी सशोधित शासनादेश संख्या 1197/II (2)/07–75 (सामान्य)/ II दिनांक 24–2–2014 एवं अन्य के अनुसार होगी। उक्त निविदा की वैद्यता 90 दिन मान्य होगी।

विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वैबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है। यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध मे किसी प्रकार के सशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है, तो उसकी सूचना उक्त बैवसाईट के माध्यम से दी जायेगी। निविदा तिथि पर अवकाश होने की दशा मे निविदा की अगले दिन की तिथि मान्य होगी। कार्य का विवरण निम्नवत हैः–

| क0सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये मे)GST अतिरिक्त देय | निविदा शुल्क | धरोहर राशि रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1– | मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 04 स्थलो पर 04 नग आउटडोर एल0ई0डी0 विडियो वॉल (वीडियो मेनेजमेन्ट सिस्टम) लगाए जाने का कार्य। | 1,87,16,000.00 | 5900.00 | 400000.00 | **05 माह** | **90 दिन** |

**अन्य नियम एंव शर्तेः—**

निविदा के साथ मूल रूप में एंव ऑनलाईन निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य हैः—

1. निविदा वैधता के सम्बन्ध में, सत्यता और शुद्वता के सम्बन्धं में, लिटिगेशन की सूचना के सम्बन्ध में, निविदा समिति के निर्णय/नो कलेम के सम्बन्ध में, एंव No Dues के सम्बन्ध में (जी0एस0टी0 आई0टीर व अन्य विभागों के सम्बन्ध में) रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर एंव रू0 1.00 के रसीदी टिकट के साथ नोटराईज्ड हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

2. उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 770 iii (2)17-20 (सामान्य)2011 टी0सी0 दिनांक—12.06.2017 अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से कम दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफोमेन्स सिक्योरिटी नियमानुसार जमा करनी हागी।

3. प्राधिकरण को बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

4. ई—निविदा में प्रतिभाग करने में दूरसंचार एवं निविदा को वेबसाईट पर तकनीकी खराबी आदि से निविदादाता को होने वाली कठिनाइयों हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

5. अन्य नियम व शर्ते तथा विवरण अलग प्रपत्र मे प्रेषित किये गये है।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।

**प्रतिलिपिः**

1. सचिव, म0दे0वि0प्रा0देहरादून।
2. मुख्य लेखाधिकारी, म0दे0वि0प्रा0,देहरादून।
3. अधीक्षण अभियन्ता, म0दे0वि0प्रा0,देहरादून।
4. अधिशासी अभियन्ता, म.दे.वि.प्रा. देहरादून।
5. नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिचांई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।
6. नाजिर म0दे0वि0प्रा0 को इस आशय से प्रेषित कि व दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायेंगे।
7. आई0टी0अनुभाग को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को प्राधिकरण की बेबसाईट पर अप लोड करने का कष्ट करें।
8. प्राधिकरण बोर्ड पर चस्पा हेतु।
9. संबंधित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून